# सामाजिक विज्ञान (कोड-087)

## कक्षा 10 - सत्र 2019-20

## प्रतिदर्श प्रश्न-पत्र

**निर्धारित समय- 3 घंटे** **अधिकतम अंक - 80**

**सामान्य निर्देशः-**

1. प्रश्न-पत्र में कुल 35 प्रश्न हैं।
2. प्रत्येक प्रश्न के सामने अंक अंकित किए गए हैं।
3. क्रम संख्या 1 से 20 तक के प्रश्न वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है। उनका उत्तर निर्देशानुसार दीजिए।
4. क्रम संख्या 21 से 28 तक के प्रश्न 3 अंक के हैं। उनका उत्तर 80 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।
5. क्रम संख्या 29 से 34 तक के प्रश्न 5 अंक के हैं। उनका उत्तर 120 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।
6. प्रश्न संख्या 35 दो भागों के साथ 6 अंक का मानचित्र प्रश्न है- 35a. इतिहास से (2 अंक) और 35b. भूगोल से (4 अंक)।

---

## खण्ड-क : अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**1.** सूची-**I** में दी गई मदों का सूची-**II** में दी गई मदों से मिलान कीजिए तथा नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनेंः 1

| | **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|---|
| 1. | राससुंदरी देवी | (क) | छोटे और बड़े का सवाल |
| 2. | सुदर्शन चक्र | (ख) | केसरी |
| 3. | काशीबाबा | (ग) | गुलामगीरी |
| 4. | बाल गंगाधर तिलक | (घ) | सच्ची कविताएँ |

**2.** नीचे दिए गए विकल्पों में से स्वराज पार्टी के गठन के उचित कारण की पहचान करेंः 1

(a) कांग्रेस के सदस्य परिषद् की राजनीति में वापस आना चाहते थे।

(b) कांग्रेस के सदस्यों ने भारतीयों के लिए पूर्ण स्वराज की माँग की।

(c) कांग्रेस के सदस्य भारत के लिए डोमिनियन स्टेट चाहते थे।

(d) कांग्रेस के सदस्य साइमन कमीशन का विरोध करना चाहते थे।

**3.** निम्नलिखित में से कौनसा पहलू **जर्मेनिया** के इस चित्र को सबसे अच्छा दर्शाता है? 1



(a) वीरता और न्याय

(b) लोक और सांस्कृतिक परम्परा

(c) तपस्या और वैराग्य

(d) शक्ति और बदला

**4.** जर्मनी के एकीकरण के वास्तुकार के रूप में किसे जाना जाता है? 1

**अथवा**

1861 में एकीकृत इटली का राजा किसे घोषित किया गया था?

**5.** निम्नलिखित में से कौनसी पुस्तक महात्मा गाँधी द्वारा लिखी गई थी? 1

(a) केसरी

(b) स्वराज

(c) डिस्कवरी ऑफ इंडिया

(d) हिंद स्वराज

**6.** शहरों में असहयोग आंदोलन धीमा क्यों हुआ? निम्न में से सही कारण की पहचान करें: 1

(a) आंदोलन के खिलाफ शहरों में अभियान

(b) आंदोलन के प्रति समाजवादी आशंका

(c) शिक्षा और रोजगार के लिए भारतीय संस्थानों की अनुपलब्धता

(d) शहरों में स्वदेशी और बहिष्कार आंदोलन

**7.** ग्रीस को .......... की संधि में एक स्वतंत्र राष्ट्र घोषित किया गया था। 1

**8.** निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प **एग्लोमरेशन इकोनॉमीज** को परिभाषित करता है? 1

(a) उद्योग शहरी केंद्रों के लाभों का उपयोग करते हैं।

(b) ग्रामीण केंद्रों के आत्मनिर्भर उद्योग

(c) उत्पादकों और आपूर्तिकर्ताओं द्वारा संचालित संयुक्त क्षेत्र के उद्योग

(d) विदेशी व्यापार के लिए विनिर्माण इकाइयाँ

**9.** निम्नलिखित में से कौन–सा कृषि योग्य बंजर भूमि का एक उदाहरण है? 1

(a) सकल फसली क्षेत्र

(b) कृषि अयोग्य भूमि

(c) बंजर अयोग्य भूमि

(d) वर्तमान परती भूमि

**10.** चावल की खेती के सम्बन्ध में सही जानकारी के साथ निम्नलिखित तालिका को पूरा कीजिए: $1/2 + 1/2 = 1$

| चावल | आवश्यक वार्षिक वर्षा | फसल का मौसम | इसकी वृद्धि के लिए आवश्यक तापमान (डिग्री में) |
|---|---|---|---|
| | 100 सेंटीमीटर | (A)–? | (B)–? |

**11.** एक उष्णकटिबंधीय देश होने के नाते, भारत में सौर ऊर्जा के दोहन की अपार संभावनाएं हैं। इसके अधिकतम उपयोग को लोकप्रिय बनाने का कोई एक तरीका सुझाएं। 1

**अथवा**

सतत् विकास के लिए एक ठोस प्रयास किया जाना चाहिए। भविष्य के लिए हमारे खनिज संसाधनों के संरक्षण के लिए किसी एक कदम का सुझाव दें।

**12.** निम्नलिखित में से कौन–सा कथन संसाधनों के सतत् विकास को परिभाषित करता है? 1

(a) भावी पीढ़ी की आवश्यकता पर विचार किए बिना प्राकृतिक संसाधनों का सतत् उपयोग।

(b) वर्तमान पीढ़ी अपनी जरूरतों को पूरा करने के साथ–साथ भावी पीढ़ी की जरूरतों पर भी ध्यान देती है।

(c) इसका अर्थ है पिछली, वर्तमान और आगे की पीढ़ी द्वारा प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग।

(d) वर्तमान पीढ़ी की जरूरतें पूरी न हो तो भी भविष्य की पीढ़ियों की जरूरतों को पूरा करना।


**13.** निम्नलिखित वक्तव्य को सही करें और पुनः लिखें: 1

श्रीलंका में 1956 में एक कानून बनाकर सिंहली को हाशिये पर धकेल कर तमिल को राजभाषा बनाया गया।

**अथवा**

बेल्जियम यूरोप का एक छोटा–सा देश है जो फ्रांस, इटली, जर्मनी और लक्समबर्ग के साथ सीमाएँ साझा करता है।

**14.** निम्नलिखित में से कौनसा विकल्प इस कार्टून को सबसे अच्छा दर्शाता है? 1



(a) लोकतांत्रिक सरकार से अलग राज्य की मांग

(b) लोकतांत्रिक सरकार सीमावर्ती राज्यों के साथ क्षेत्रीय मुद्दों का सामना कर रही है।

(c) लोकतांत्रिक सरकार समायोजन के माध्यम से विविध प्रकार के दबावों को झेल रही है।

(d) लोकतांत्रिक सरकार अलग राज्य की माँगों को स्वीकार करती है।

**15.** यूरोपीय देशों की तुलना में भारतीय संसद में महिलाओं का प्रतिनिधित्व अभी भी कम है, क्योंकि ......... 1

**अथवा**

भारत का संविधान सभी व्यक्तियों और समुदायों को किसी भी धर्म को अपनाने, अभ्यास करने और प्रचार करने की स्वतंत्रता प्रदान करता है, क्योंकि ..........

**16.** नगर निगम की बैठक की अध्यक्षता कौन करता है? 1

**अथवा**

भारत में किस सरकार के पास **अवशिष्ट** विषयों पर कानून बनाने की शक्ति है?

**17.** भूजल के अधिक उपयोग को कम करने के सवोत्तम तरीकों में से एक है ......... 1

**18.** निम्नलिखित को सही क्रम में व्यवस्थित कीजिए– 1

1. कपड़े को कार्यशालाओं में ले जाना
2. दुकानों और शोरूमों में बिक्री
3. सूत कताई
4. कपड़े की बुनाई

**विकल्प–**

(a) 1–4–3–2

(b) 3–4–1–2

(c) 4–1–2–3

(d) 3–4–2–1

**19.** नीचे दिए गए प्रश्न में दो वक्तव्य, कथन (A) और कारण (R) के रूप में चिह्नित है। वक्तव्यों को पढ़ें और सही विकल्प चुनेंः 1

**कथन (A)–** प्रत्येक क्षेत्र में कुल उत्पादन को जानने के लिए उत्पादित और बेची जाने वाली प्रत्येक वस्तु या सेवा की गणना की आवश्यकता नहीं होती है।

**कथन (R)–** अंतिम माल के मूल्य में पहले से ही सभी मध्यवर्ती वस्तुओं का मूल्य शामिल होता है।

(a) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या है।

(b) A और R दोनों सत्य है, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।

(c) A सही है, लेकिन R गलत है।

(d) A गलत है, लेकिन R सही है।

**20.** रीता ने कार खरीदने के लिये बैंक से ₹ 7 लाख का कर्ज लिया है। ऋण पर वार्षिक ब्याज दर 14.5 प्रतिशत है और ऋण को मासिक किस्तों में 3 वर्षों में चुकाना है। बैंक ने नई कार के कागजात को सिक्योरिटी के रूप में अपने पास रखा, जिन्हें रीता को तभी वापस किया जाएगा जब वह पूरा ऋण ब्याज सहित चुका देती है।

ऊपर दी गई जानकारी का विश्लेषण करते हुए निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए– 1

(a) पुनर्भुगतान का तरीका

(b) ऋण की शर्तें

(c) ऋण पर ब्याज

(d) जमा मानदण्ड

## खण्ड-ख : लघु उत्तरीय प्रश्न

**21.** जलियांवाला बाग की घटना का वर्णन करें। 3

**अथवा**

1920 के दशक में आंध्र प्रदेश में अल्लूरी सीताराम राजू की भूमिका का वर्णन करें।

**22.** उन्नीसवीं शताब्दी में यूरोपीय लोग अमेरिका क्यों भाग गए? वर्णन कीजिए। 3

**अथवा**

सत्रहवीं और अठारहवीं शताब्दी के दौरान व्यापारी यूरोप के ग्रामीण इलाकों में क्यों गए? बताइये।

**23.** नीचे दिए गए स्रोतों को पढ़ें और निम्न प्रश्नों के उत्तर दें- $1+1+1=3$

**स्रोत क : धार्मिक विवाद और प्रिंट का डर**

छापेखाने से विचारों के व्यापक प्रचार-प्रसार और बहस-मुबाहिसे के द्वार खुले। स्थापित सत्ता के विचारों से असहमत होने वाले लोग भी अब अपने विचारों को छापकर उन्हें फैला सकते थे। छपे हुए संदेश के जरिए वे लोगों को अलग ढंग से सोचने के लिए मना सकते थे या कोई कार्रवाई करने के लिए प्रेरित कर सकते थे। जाहिर है कि इस बात का जीवन के कई क्षेत्रों में गंभीर महत्त्व था।

**स्रोत ख : पढ़ने का जुनून**

वैज्ञानिक और दार्शनिक भी आम जनता की पहुँच के बाहर नहीं रहे। प्राचीन व मध्यकालीन ग्रंथ संकलित किए गए और नक्शों के साथ-साथ वैज्ञानिक खाके भी बड़ी मात्रा में छापे गए। जब आइजैक न्यूटन जैसे वैज्ञानिकों ने अपने आविष्कार प्रकाशित करने शुरू किए तो उनके लिए विज्ञान-बोध में लगा एक बड़ा पाठक-वर्ग तैयार हो चुका था। टॉमस पेन, वॉल्तेयर और ज्याँ जाक रूसो जैसे दार्शनिकों की किताबें भी भारी मात्रा में छपने और पढ़ी जाने लगीं। जाहिर है कि विज्ञान, तर्क और विवेकवाद के उनके विचार लोकप्रिय साहित्य में भी जगह पाने लगे।

**स्रोत ग : मुद्रण संस्कृति और फ्रांसीसी क्रांति**

छपाई के चलते ज्ञानोदय के चिंतकों के विचारों का प्रसार हुआ। उनके लेखन ने कुल मिलाकर परंपरा, अंधविश्वास और निरंकुशवाद की आलोचना पेश की। उन्होंने रीति-रिवाजों की जगह विवेक के शासन पर बल दिया और माँग की कि हर चीज को तर्क और विवेक की कसौटी पर ही कसा जाए। उन्होंने चर्च की धार्मिक और राज्य की निरंकुश सत्ता पर प्रहार करके परंपरा पर आधारित सामाजिक व्यवस्था को दुर्बल कर दिया। वॉल्तेयर और रूसो के लेखन का व्यापक पाठक-वर्ग था और उनके पाठक एक नए आलोचनात्मक, सवालिया और तार्किक नजरिये से दुनिया को देखने लगे थे।

**स्रोत क : धार्मिक विवाद और प्रिंट का डर**

23.1 विचारों और संस्कृतियों के संचरण में प्रिंट की प्रभावशीलता का मूल्यांकन करें। 1

**स्रोत ख : पढ़ने का जुनून**

23.2 आप किस हद तक सहमत हैं कि वैज्ञानिक विचारों को प्रिंट के माध्यम से प्रसारित किया गया था। केवल एक पहलू दें। 1

**स्रोत ग : मुद्रण संस्कृति और फ्रांसीसी क्रांति**

23.3 किस हद तक प्रिंट संस्कृति ने ऐसी स्थितियाँ बनाई, जिनके भीतर फ्रांसीसी क्रांति पनपी? अपने उत्तर का समर्थन करने के लिए कोई भी एक तर्क दीजिए। 1

**24.** ऊर्जा की बचत ही ऊर्जा का उत्पादन है। उपयुक्त उदाहरणों के साथ कथन का समर्थन करें। 3

**अथवा**

भारत में विभिन्न क्षेत्रों में काफी अच्छे और विविध खनिज संसाधन हैं। उदाहरणों के साथ कथन का समर्थन करें।

Download Solved Version of this Paper from www.cbse.online 

**25.** भारतीय संघवाद की किन्हीं तीन विशेषताओं का वर्णन कीजिए। 3

**26.** भारत में राजनीतिक दलों की भूमिका का वर्णन कीजिए। 3

**27.** हमें भारत में साख के औपचारिक स्रोतों का विस्तार करने की आवश्यकता क्यों है? वर्णन कीजिए। 3

**अथवा**

बैंकों और सहकारी समितियों को अधिक उधार देने की आवश्यकता क्यों है? वर्णन कीजिए।

**28.** ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी लगातार बढ़ती जा रही है। कोई तीन सुझाव दें, जिनसे ग्रामीण लोगों के लिए रोजगार पैदा हो सके।3

## खण्ड–ग : दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

**29.** प्रथम विश्व युद्ध से पहले बाल्कन क्षेत्र में राष्ट्रवादी तनाव बढ़ने के कारणों पर प्रकाश डालिए। 5

**अथवा**

1848 की अवधि को यूरोप में उदारवादियों की क्रांति के चरण के रूप में क्यों माना जाता था? वर्णन कीजिए।

**30.** उद्धरण को पढ़ें और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें: $1+2+2=5$

सक्षम व तीव्र गति वाले परिवहन से आज संसार एक बड़े गाँव में परिवर्तित हो गया है। परिवहन का यह विकास संचार साधनों के विकास की सहायता से ही संभव हो सका है। इसीलिए परिवहन, संचार व व्यापार एक–दूसरे के पूरक हैं।

आज भारत अपने विशाल आकार, विविधताओं, भाषाई तथा सामाजिक व सांस्कृतिक बहुलताओं के बावजूद संसार के सभी क्षेत्रों से सुचारू रूप से जुड़ा हुआ है। रेल, वायु एवं जल परिवहन, समाचार–पत्र, रेडियो, दूरदर्शन, सिनेमा तथा इंटरनेट आदि इसके सामाजिक–आर्थिक विकास में अनेक प्रकार से सहायक हैं।

स्थानिक से अंतर्राष्ट्रीय स्तरीय व्यापार ने अर्थव्यवस्था को जीवन शक्ति दी है। इसने हमारे जीवन को समृद्ध किया है तथा आरामदायक जीवन के लिए सुविधाओं व साधनों में बढ़ोतरी की है। अतः यह स्पष्ट है कि सघन व सक्षम परिवहन का जाल तथा संचार के साधन आज विश्व, राष्ट्र व स्थानीय व्यापार हेतु पूर्व अपेक्षित हैं।

30.1 दुनिया के साथ अंतर–संबंध रखने की आवश्यकता क्यों है?

30.2 सामाजिक आर्थिक प्रगति के लिए परिवहन और संचार के साधनों के महत्त्व पर प्रकाश डालिए।

30.3 व्यापार किसी देश की अर्थव्यवस्था को कैसे मजबूत करता है?

**31.** सतत् विकास की चुनौती के लिए औद्योगिक प्रदूषण पर नियंत्रण की आवश्यकता है। उदाहरणों के साथ कथन की पुष्टि कीजिए। 5

**32.** शांति और सद्भाव के लिए बेल्जियम के समायोजनात्मक अनुभव को उदाहरण सहित समझाइए। 5

**33.** लोकतंत्र बातचीत और मोलतोल के विचार पर आधारित है। कथन की जाँच कीजिए। 5

**अथवा**

महिलाओं के साथ गरिमा और समानता का व्यवहार एक लोकतांत्रिक समाज का आवश्यक घटक है। कथन की जाँच कीजिए।

**34.** वैश्वीकरण प्रक्रिया को बढ़ावा देने में प्रौद्योगिकी की भूमिका का वर्णन करें। 5

Download 20 Solved Sample Paper pdfs from www.cbse.online or www.rava.org.in 

## मानचित्र कौशल आधारित प्रश्न

(a) भारत के दिए गए रूपरेखा मानचित्र पर दो स्थान A और B अंकित किए गए हैं। उन्हें पहचानें और उनके पास खींची गई रेखाओं पर उनका सही नाम लिखें।

(A) वह स्थान जहाँ दिसंबर 1920 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ था।

(B) जिस स्थान पर महात्मा गाँधी द्वारा नमक कानून तोड़ा गया था।

(b) भारत के उसी रूपरेखा मानचित्र पर निम्नलिखित में से किन्हीं चार को उपयुक्त चिह्नों से दिखायें और उनके नाम लिखें।

(i) पारादीप– प्रमुख समुद्री बंदरगाह।

(ii) नोएडा– सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क।

(iii) सलेम– लोहा और इस्पात उद्योग।

(iv) कलपक्कम– परमाणु ऊर्जा संयंत्र।

(v) भाखड़ा नांगल– बांध

(vi) छत्रपति शिवाजी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा।




WWW.CBSE.ONLINE